समाचार

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में लगाया गया विशेष हेल्थ कैम्प

## (कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के तत्वाधान में मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से विद्यालय के बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण व लैब जांच )




कोरबा 03 नवम्बर 2025 –कलेक्टर एवं कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के अध्यक्ष श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कोरबा में आज विशेष हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया तथा विद्यालय के

बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, लैब आधारित परीक्षण किया जाकर उन्हें आवश्यक दवाईयॉ प्रदान की गई एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया।

कोरबा अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के नोडल अधिकारी व निगम के कार्यपालन अभियंता श्री राकेश मसीह ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे ’’ रजत जयंती महोत्सव ’’ कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर व सोसायटी के अध्यक्ष श्री अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त व सोसायटी के सचिव श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में सोसायटी द्वारा विभिन्न स्थलों पर स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत विभिन्न स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, लैब आधारित विभिन्न परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाईयॉ उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा शिविर में आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार 03 नवम्बर को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कोरबा में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाईल मेडिकल यूनिट के प्रशिक्षित चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ के द्वारा विद्यालय के बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं लैब आधारित टेस्ट किए गए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाईयॉ प्रदान की गई, साथ ही आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया।

**एम.एम.यू. में उपलब्ध है 41 प्रकार की जांच की सुविधा** – यहॉ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार के लैब टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के बुखार, डेंगू, शुगर की जांच, लिपिड प्रोफाईल, सी.बी.सी., लीवर, किडनी व यूरिन टेस्ट, प्रोटीन टेस्ट, बिटामिन बी–12 की जांच सहित अन्य विभिन्न प्रकार के टेस्ट शामिल हैं। यह सभी टेस्ट पूर्णतः निःशुल्क हैं, वहीं मोबाईल मेडिकल यूनिट में 170 प्रकार की दवाईयॉ भी उपलब्ध रहती हैं, इन दवाईयों को भी मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जाता है।